दिन– सोमवार                                                    दिनांक– 19/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                    अवधि – 15 मिनट

---

01. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए आज भरे जायेंगे नामांकन पत्र। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का निर्विरोध निर्वाचन तय।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के क्रम में सीतामढ़ी और शिवहर जिले का दौरा करेंगे। कई विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।

03. सात निश्चय–तीन के तहत आज से प्रदेश के सभी कार्यालयों में होगी जनसुनवाई। सप्ताह में दो दिन अधिकारी आम लागों की सुनेंगे समस्याएं।

04. और, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – शहरी निकायों में सुनिश्चित विकास से संबंधित सभी सेवाएं एक जुलाई से ऑनलाइन होंगी।

---

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज नामांकन भरे जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और सांसद के. लक्ष्मण द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन दोपहर दो बजे से चार बजे के बीच दाखिल किए जा सकते हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होगी। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का इस पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज सीतामढ़ी और शिवहर जिले का दौरा करेंगे। श्री कुमार सीतामढ़ी में पांच सौ चौवन करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। एक रिपोर्ट---

–––रिपोर्ट–––

सीतामढ़ी यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वे बेलसंड में आयोजित कार्यक्रम में तीन सौ छियालीस करोड़ रुपये की लागत वाली इकतालीस योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री दो सौ आठ करोड़ रुपये से अधिक की छब्बीस योजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे। श्री कुमार बागमती नदी पर एक सौ तेईस करोड़ रुपये की लागत से बने पुल और संपर्क पथ का उद्‌घाटन करेंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे और जनसंवाद में शामिल होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

इधर, हमारे शिवहर संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान जिले में बयालीस करोड़ रुपये की लागत वाली पचहत्तर योजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे। साथ ही वे सत्रह करोड़ रुपये की अट्‌ठाईस योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

---

प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में आज से जनसुनवाई की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर पंचायत से लेकर राज्य मुख्यालय स्तर तक अधिकारी आम लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उसका निष्पादन करेंगे। सात निश्चय तीन के तहत **सबका सम्मान, जीवन आसान** लक्ष्य को लेकर हरेक सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, जिला, प्रमंडल और राज्य सचिवालय में आम लोग संबंधित पदाधिकारी से उनके कार्यस्थल या कार्यालय कक्ष में मिलकर अपनी समस्याएं बता सकेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आम लोगों का जीवन आसान हो इसके लिए प्रयास किये जा रहें हैं।

———बाइट———

इधर, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लोगों से प्राप्त शिकायतों का संधारण किया जाएगा और किन शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी सतत निगरानी की जाएगी। श्री अमृत ने बताया कि संबंधित विभागों के प्रमुख शिकायतों के निष्पादन कार्य की नियमित रूप से समीक्षा भी करेंगे।

---

उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि शहरी निकायों में सुनिश्चित विकास से संबंधित सभी सेवाएं एक जुलाई से ऑनलाइन होंगी। पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि इसके लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों को राहत देने के लिए भवन नियमावली को संशोधित कर इसे व्यावहारिक बनाया जाएगा। श्री सिन्हा ने बताया कि नियमावली में सुधार से पहले सभी पक्षों से सुझाव लिये जायेंगे।

---

प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया जा रहा है। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने पटना में

आयोजित कार्यक्रम से बच्चों के बीच पोशाक वितरण अभियान की शुरूआत की। सभी बच्चों को दो–दो सेट कपड़े दिये जा रहे हैं। श्री सहनी ने बताया कि मार्च महीने तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित बावन लाख बच्चों के बीच पोशाक का वितरण कर दिया जाएगा।

---

केंद्र सरकार ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम के संबंध में किए जा रहे भ्रामक दावों का खंडन किया है। विपक्ष द्वारा अधिनियम की आलोचना को तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बताते हुए सरकार ने कहा कि यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम एक सौ पच्चीस दिनों का रोजगार सुनिश्चित करता है। सरकार ने कहा कि काम के अधिकार को छीने जाने के दावे राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। सरकार ने बताया कि अधिनियम में कहा गया है कि रोजगार पंद्रह दिनों के भीतर उपलब्ध कराया जाना चाहिए, अन्यथा बेरोजगारी भत्ता अनिवार्य है। मजदूरी के संबंध में सरकार ने कहा कि अधिनियम में स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि योजना के अंतर्गत काम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति काम के प्रत्येक दिन के लिए अधिसूचित मजदूरी दर पर मजदूरी का हकदार है। कृषि–मौसम संबंधी प्रतिबंधों पर सरकार ने कहा कि एक सौ पच्चीस दिनों की रोजगार गारंटी पूरी तरह बरकरार है।

---

अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में कमी आई है। हालांकि पछुआ हवा के प्रभाव से सुबह और शाम के समय अभी भी कनकनी का एहसास हो रहा है। आज सुबह राजधानी पटना समेत आस–पास के जिलों में घना कुहासा छाया रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

–––बाइट–––

---

इस वर्ष राज्य से हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को नया हेल्थ कार्ड दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हेल्थ कार्ड में बारकोड लगा रहेगा। बार कोड को स्कैन करने पर यात्रियों की स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी।

---

वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास के दौरान राजमाता अहिल्याबाई होल्कर समेत हिन्दू देवी–देवताओं की मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने की एआई तस्वीरें प्रसारित करने के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने आठ लोगों को नोटिस भेजा है। जिन लोगों को नोटिस भेजा गया है, उनमें पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी शामिल हैं। पप्पू यादव को बहत्तर घंटे के अंदर नोटिस का जवाब देने का आदेश दिया गया है। इधर, श्री यादव ने कहा कि वे डरने वाले नहीं हैं और वे सनातन की रक्षा के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

---

गया हवाई अड्डे पर कल सुरक्षा जांच के दौरान चिली के एक नागरिक के बैग से दो जीपीएस ट्रैकर बरामद किये गए हैं। पुलिस ने बताया कि वह थाई एयरवेज की विमान से बैंककॉक जाने वाला था। चिली नागरिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

---

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा ने पचास लाख नये लोगों को सदस्य बनाने के लिए अभियान शुरू किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने पटना में अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि पार्टी में हर तबके के लोग शामिल हो रहे हैं। श्री सुमन ने बताया कि यह अभियान चौदह अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद संगठन विस्तार के लिए जिला स्तर पर कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम और यात्रा का आयोजन भी किया जााएगा।

---

बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा आज से फौकानिया और मौलवी की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा पच्चीस जनवरी तक चलेगी।

---

**और, अब खबरें खेल जगत से...**

बांका के पूर्व सांसद दिग्विजय सिंह की याद में आयोजित सोलहवें दिग्विजय मंदार मैराथन के महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश के वाराणसी की रेबी पाल और पुरूष वर्ग में रोहतास के डेहरी ऑनसोन निवासी प्रिंस राज मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

---

मणिपुर में आयोजित उनहत्तरवें नेशनल स्कूल गेम्स में बिहार के दो खिलाड़ियों ने पदक जीता है। पैंसठ किलोग्राम भार वर्ग में अभि कुमार ने रजत पदक और छप्पन किलोग्राम भार वर्ग में बसंत कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

---

सिक्कम में तेईस जनवरी से आयोजित होने वाले सी.के. नायडू अंडर–ट्वेंटी थ्री क्रिकेट टूर्नामेंट में बिहार की टीम का नेतृत्व पृथ्वीराज करेंगे। वे बेगूसराय के रहने वाले हैं।

---

सब–जूनियर बिहार स्टेट बालक और बालिका खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन सत्ताईस और अट्ठाईस जनवरी को मुंगेर जिले के संग्रामपुर में होगा।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में पुलिस ने छापेमारी कर एक सौ अड़तीस किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

किशनगंज जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र से पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ऊँट तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक ट्रक से बारह ऊँट बरामद किए हैं। मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है – कार्यालयों में जन समस्याएं सुनने की व्यवस्था आज से। पंचायत से लेकर राज्य मुख्यालय तक निपटायी जायेंगी शिकायतें।

दैनिक जागरण ने लिखा है – नितिन नवीन का भाजपा अध्यक्ष चुना जाना तय।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – तीस साल बाद खुलेंगी, सात चीनी मिलें। दो लाख युवाओं को नौकरी–रोजगार।

प्रभात खबर की सुर्खी है – पटना में जहानाबाद की नीट छात्रा की मौत का मामला – पूछताछ में डॉक्टर, स्टाफ और नर्स के बयान नहीं हुए मैच।

राष्ट्रीय सागर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है – सियासी फायदे के लिए कांग्रेस ने असम को हिंसा की आग में धकेला।

आज अखबार की सुर्खी है –किश्तवाड़ में आतंकी मुठभेड़, सात सुरक्षाकर्मी घायल।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए आज भरे जायेंगे नामांकन पत्र। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का निर्विरोध निर्वाचन तय।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के क्रम में सीतामढ़ी और शिवहर जिले का दौरा करेंगे। कई विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।

03. सात निश्चय–तीन के तहत आज से प्रदेश के सभी कार्यालयों में होगी जनसुनवाई। सप्ताह में दो दिन अधिकारी आम लागों की सुनेंगे समस्याएं।

04. और, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – शहरी निकायों में सुनिश्चित विकास से संबंधित सभी सेवाएं एक जुलाई से ऑनलाइन होंगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।